
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# लोगों की तरक्की बढ़ेगी तभी देश तरक्की करेगा

**बिजनेस डायलॉग**

## दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहुंचे देहरादून



**संवाददाता**
देहरादून। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में विभिन्न तबकों को साधने में जुट गई है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पार्टी की रणनीति और अभियान को धार देने देहरादून पहुंचे हैं। यहां पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही सिसोदिया ने देवभूमि बिजनेस डायलॉग के जरिये व्यापारियों की थाह ली।

मंगलवार को आयोजित बिजनेस डायलॉग में आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्य के प्रमुख व्यापारियों को बुलाया और उनकी समस्याओं को हर स्तर पर उठाने का भरोसा दिया। आप ने बिजली, पानी और रोजगार आदि मुद्दों के साथ–साथ व्यापारियों की व्यवहारिक दिक्कतों को भी अपने एजेंडे में शामिल किया है। देवभूमि बिजनेस डायलॉग में आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के अलावा प्रदेश के प्रमुख कारोबारियों को आमंत्रित किया है। जिनके साथ सिसोदिया का संवाद जारी है।

इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा, दिल्ली में रेड राज को पूरी तरह बंद किया गया है। व्यापारियों को इससे फायदा हुआ है। व्यापारियों से कहा, आप की सरकार बनाने में सहयोग करें, व्यापारियों की तरक्की होगी तो यहां के लोगों की तरक्की होगी। दिल्ली में व्यापारियों को किसी भी आफिस में जाने की जरूरत नहीं। आप ने यह व्यवस्था की है कि सरकारी कर्मचारी खुद घर आकर आपके व्यापार से जुड़े। डॉक्यूमेंट्स आपको प्रोवाइड करते हैं। सवा सौ डिपार्टमेंट ऐसे हैं, जहां सरकारी कर्मचारी खुद घर जाकर जरूरी दस्तावेज मुहैया करवाते हैं। दिल्ली में व्यापारी अब पहले से ज्यादा खुश और खुशहाल हैं। व्यापारियों से पूछ कर काम किए जाते हैं।

दिल्ली में व्यापारियों के लिए 454 अलग अलग तरह के एफिडेविट बंद किए हैं। दिल्ली की ग्रोथ 12 फीसद है, जबकि उत्तराखंड की 5 फीसद है। दिल्ली के पर केपिटा इनकम 3,54,000 हो गई है। दिल्ली के लोग विकास कर रहे। टैक्स बढ़ रहा है, व्यापार बढ़ेगा तो नौकरी बढ़ेगी। लोगों की तरक्की बढ़ेगी देश तरक्की करेगा।

## न्यूज डायरी

### चीनी बेचकर किया जाएगा भुगतान

**संवाददाता** रुड़की। इकबालपुर शुगर मिल में हाई कोर्ट के आदेश पर एएसडीएम व सहायक गन्ना आयुक्त ने चीनी गोदामों का निरीक्षण कर मिल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इकबालपुर शुगर मिल पर किसानों का 2017–18 व 2018–19 का गन्ना भुगतान नहीं हो पाया है। गन्ना भुगतान का वाद हाईकोर्ट न्यायालय में विचाराधीन है। मिल पर दोनों सत्रों का गन्ना भुगतान लगभग 200 करोड़ रुपये के लगभग है। एएसडीएम विजयनाथ शुक्ल व सहायक गन्ना आयुक्त शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने चीनी मिल के गोदाम पहुंचकर गोदामों का निरीक्षण किया। बताया कि किसानों का गन्ना भुगतान जो बकाया है उस समय की कुछ चीनी भी मिल के गोदामों में रखी हुई है। पुरानी चीनी होने पर मिल प्रबंधन को उस चीनी का कोई खरीदार नहीं मिल पा रहा है।

### महिला के आत्महत्या मामले में पति गिरफ्तार, सास व ससुर फरार

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। महिला के आत्महत्या मामले में पुलिस ने मृतक के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि सास व ससुर फरार बताए जा रहे हैं। विवाहित के मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते हुए पति और सास–ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। जनपद के अगस्त्यमुनि थाना क्षेत्र के चंद्रापुरी में बीती पांच नवंबर को विजया भारती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया था। पुलिस उपाधीक्षक गणेश कोहली ने बताया कि सूचना पर पुलिस फांसी वाले स्थान पर पहुंची, महिला को फंदे से हटाया। मामला संदिग्ध होने पर मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया गया। इस संबंध में पुलिस में तहरीर दी। बताया कि पुलिस ने इस पूरे मामले की विवेचना की।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया अपना नया फंड ऑफर–'एक्सिस मल्टीकैप फंड'

**संवाददाता** देहरादून। देश के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज अपना नया फंड ऑफर – 'एक्सिस मल्टीकैप फंड' लॉन्च करने की घोषणा की। अनेक खूबियों से युक्त यह फंड 26 नवंबर को खुलने जा रहा है और 10 दिसंबर को बंद होगा। यह एनएफओ निवेशकों को लार्ज, मिड और स्मॉलकैप शेयरों में निवेश करने का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम समान एक्सपोजर होगा। इस योजना का प्रबंधन अनुपम तिवारी और सचिन जैन, फंड मैनेजर, एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। सेबी के नियमों के अनुसार, मल्टी–कैप फंडों को प्रत्येक मार्केट कैप के तहत न्यूनतम 25 प्रतिशत एक्सपोजर की आवश्यकता होती है।

## 15 दिन में हो जाएगा पंजाब में सीएम के चेहरे पर फैसला

**संवाददाता** रुद्रपुर। पंजाब आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद भगवंत मान ने रुद्रपुर में गाबा चौक पर किसान संकल्प यात्रा में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास का खाका रखा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर ही उत्तराखंड का भी विकास किया जाएग। सांसद मान ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का उत्तराखंड दौरा समाज में आग लगाने और हिन्दू–मुस्लिम को लड़ाने के लिए बनाई जाने वाली रणनीति का हिस्सा है। पंजाब में पार्टी का सीएम चेहरा कौन होगा...सवाल पूछने पर मान ने साफ कहा कि इस पर फैसला अगले 15 दिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल कर लेंगे।

सांसद भगवंत मान गदरपुर से किसान संकल्प यात्रा के साथ मंगलवार को रुद्रपुर पहुंचे। सांसद का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार माल्यर्पण के बीच स्वागत किया। इस मौके पर जागरण से बात करते हुए सांसद भगवंत मान ने कहा उत्तराखंड में विकास के लिए और किसानों के लिए लाए गए तीनों कृषि कानूनों को रद किए जाने की जरूरत है। यहां के विकास का खाका पंजाब की तर्ज पर ही खींचा जाएगा। जिसमें बेरोजगारों के लिए बेहतर रोजगार नीति पर पार्टी फोकस करेगी। मान कहा कि दिल्ली में जिस तरह आम आदमी पार्टी ने स्वास्थ्य में सुधार के लिए मोहल्ला क्लीनिक शुरू किया, शिक्षा में सुधार किया, उत्तराखंड में भी आप की सरकार बनने पर ऐसी ही व्यवस्था लागू की जाएगी।



### पुलिस ने डेढ़ किलो चरस बरामद कर दो लोगो को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** पुरोला। पुलिस ने यहां दो लोगो को गिरफ्तार कर करीब डेढ़ किलो चरस बरामद की है। अभियुक्तो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दिया गया है। थानाध्यक्षध्एसओजी प्रभारी यमुना घाटी अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मंगलवार सुबह पांच बजे पुरोला नौगांव मोटर मार्ग पर लिसा डिपो के पास मोरी ब्लाक के लिवाड़ी गांव निवासी कमलेश कुमार से 800ग्राम व खन्ना गांव निवासी ओमप्रकाश से 601–05ग्राम चरस बरामद कर दोनो को गिरफ्तार किया है। ये दोनो वहां देहरादून जाने वाले वाहन का इंतजार कर रहे थे। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पूछताछ करने पर अभियुक्तो ने बताया कि वे दोनो चरस देहरादून स्कूली बच्चो व मजदूरो को बेचने के लिए ले जा रहे थे। चरस की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपये है। टीम में कानि0रंजीत नौटियाल, बिजेंद्र सिंह शामिल थे।

## 159 शहीदों के घरों की मिट्टी जाएगी सैन्यधाम

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिले से कुल 159 शहीदों सैनिकों के घरों की मिट्टी सैन्यधाम पहुंचाई जाएगी। मंगलवार को चौघानपाटा से शहीद सम्मान यात्रा को रवाना कर दिया गया है। तीन दिन तक यह यात्रा शहीदों के घर जाकर मिट्टी एकत्र करेगी। इसके बाद मिट्टी को देहरादून ले जाया जाएगा।

विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने शहीद सम्मान यात्रा को फ्लैग आफ कर रवाना किया। इस मौके पर उत्तराखंड के वीरों की भूमि उत्तराखंड के वीर सैनिकों व शहीदों की शहादत को याद की गई। चौघानपाटा में हुए कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि चार धाम के रूप में प्रसिद्ध उत्तराखंड में



अब पांचवां धाम भी सैन्यधाम के रूप में बनने जा रहा है। इस सैन्यधाम में सैनिकों की गौरव गाथा को अंकित किया जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ी उनके सर्वोच्च बलिदान को याद कर सके। राज्य के 1734 शहीदों के परिवारों के घर की मिट्टी एक कलश में सैन्यधाम में पहुंचाई जानी है, जिससे सैन्यधाम का निर्माण किया जाना है। सम्मान स्वरूप एक ताम्रपत्र शहीदों के परिवारों को दिया जाएगा। उत्तराखण्ड राज्य देश की रक्षा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है राज्य के सैनिक देश की रक्षा में हर युद्ध में शहीद हुए है।

सेवानिवृत्त कर्नल योगेन्द्र पुरोहित ने बताया कि प्रथम विश्व युद्ध से लेकर आज तक के युद्धों में शहीद सैनिकों के घरों के आंगन की पवित्र मिट्टी एकत्र की जाएगी। सोमवार को हवालबाग, ताकुला, भैंसियाछाना, भिकियासैंण से शहीदों के घर से मिट्टी एकत्र की जाएगी। तीन दिन में पूरे जिले से शहीदों के घरों से मिट्टी एकत्र करने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सात दिसंबर को यह पवित्र मिट्टी देहरादून सैन्यधाम पहुंचाई जाएगी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज, छात्र छात्राओं सहित कई लोग मौजूद थे।

### अब पिथौरागढ़ में खुला चाय सुट्टा बार

**संवाददाता** पिथौरागढ़ । देश भर में कुल्हड़ चाय के स्वाद के लिए जाने जाने वाले ब्रांड चाय सुट्टा बार ने आज पिथौरागढ़ शहर में अपना आउटलेट शुरू करने की घोषणा की, जिसकी प्रतिष्ठा बैकपैकिंग स्पॉट के रूप में है। ट्रैकिंग और स्कीइंग के लिए मशहूर इस शहर में अब चाय सुट्टा बार के बिल्कुल नए आउटलेट में कुल्हड़ चाय का एक अतिरिक्त स्वाद मिलेगा। इस लॉन्च के साथ, ब्रांड के पास अब भारत के 100 शहरों में कुल 200 फ्रैंचाइजी आउटलेट होंगे, साथ ही ओमान, दुबई जैसी विदेशी भूमि और यूएसए, यूके और कनाडा में आने वाले आउटलेट भी होंगे। रामबाग चौक, माल रोड स्क्वायर, मनाली, हिमाचल प्रदेश में एक अद्भुत गर्मजोशी से स्वागत के साथ कुल्हड़ को गले लगाने की हलचल उल्लेखनीय थी। दुनिया भर में नशे की लत आइकन कुल्हड़ चाय को फैलाने के उद्देश्य से, ब्रांड ने चाय की सुगंध के साथ जेब तंग और दिल की रोशनी को बनाए रखने के लिए इसकी गुणवत्ता उच्च और मूल्य निर्धारण नाममात्र रखने का फैसला किया।